दिनांक : 20.06.2024 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री योग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जम्मू कश्मीर के दो दिन के दौरे पर आज श्रीनगर पहुंचेंगे। प्रधानमंत्री कल श्रीनगर में आयोजित होने वाले दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल होंगे। तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी की यह पहली जम्मू कश्मीर यात्रा है। श्रीनगर में विश्व विख्यात डल झील के किनारे स्थित शेर–ए–कश्मीर इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में कल योग कार्यक्रम में लगभग सात हजार लोगों के शामिल होने की संभावना है।

....

योग दिवस

दसवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ कल 21 जून को प्रदेश स्तर पर वृहद रूप में किया जायेगा। जिला स्तरीय कार्यक्रमों में उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री जिला मुख्यालयों में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। राज्य शासन द्वारा उप मुख्यमंत्री, मंत्री एवं राज्य मंत्री को जिले आवंटित किये गये हैं। वहीँ, इन जिलों के अतिरिक्त शेष जिलों में कलेक्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि जन–प्रतिनिधियों की सहभागिता में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तथा अन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ कार्यक्रम व्यापक स्तर पर आयोजित हो।

....

मुख्यमंत्री–प्रधानमंत्री भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की। इस सौजन्य भेंट में मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सर्वांगीण विकास व जनकल्याणकारी योजनाओं के संबंध में प्रधानमंत्री से मार्गदर्शन प्राप्त किया। इसके पहले मुख्यमंत्री ने कल कई केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात कर उनके मंत्रालयों से जुड़े विषयों पर चर्चा की थी।

....

अमरवाड़ा उपचुनाव

छिंदवाड़ा जिले में अमरवाड़ा विधानसभा उपचुनाव के लिए धीरन शाह इनवाती ने आज कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी , नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार भी उनके साथ उपस्थिति थे। नामांकन रैली को श्री पटवारी ने संबोधित भी किया। अमरवाड़ा में 10 जुलाई को मतदान होना है। यहां से 2023 के चुनाव में कांग्रेस के टिकट से कमलेश शाह विधायक बने थे जिन्होंने लोकसभा चुनाव के पहले इस्तीफा देकर भाजपा की सदस्यता ले ली थी। भाजपा ने यहां से कमलेश शाह को ही अपना उम्मीदवार बनाया है।

....

डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खरीफ–2024 से कृषक हित में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जाए। इस परियोजना में किसान अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। साथ ही फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी तुरंत प्राप्त हो जाएगी। परियोजना में सैटेलाइट इमेज द्वारा संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी।

....

मौसम

प्रदेश में प्री–मानसून की गतिविधियां जारी है। कल कई शहरों में बारिश हुई और आंधी भी चली। ऐसा ही मौसम आज भी रहने की संभावना है। प्रदेश के 13 जिलों में तेज बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि भोपाल, इंदौर, उज्जैन समेत 38 जिलों में गरज–चमक और आंधी चलेगी। मौसम विभाग ने बताया कि गुरुवार को छतरपुर, सागर, दमोह, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, पांढुर्णा, बैतूल, बालाघाट, मंडला, डिंडोरी, जबलपुर, कटनी, उमरिया में आंधी, बारिश हो सकती है। इस बीच कल ग्वालियर सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 43 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

....

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप

आईसीसी टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्वकप के सुपर–आठ के ग्रुप–वन में आज भारत का मुकाबला अफगानिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से शुरू होगा। भारत का यह सुपर आठ का पहला मैच होगा। इसके पहले आज ग्रुप–टू के मुकाबले में इंग्लैंड ने मेजबान वेस्टइंडीज को आठ विकेट

से हरा दिया है। वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 180 रन बनाए। जीत के लिए 181 रन का लक्ष्य इंग्लैंड ने 18वें ओवर में दो विकेट खोकर हासिल कर लिया। फिलिप सॉल्ट ने सर्वाधिक 87 रन बनाए। उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

....

अब कुछ समाचार संक्षेप में .....

- शिवपुरी जिले में शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कल रोजगार मेला का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि इसमें 18 से 24 वर्षीय आयु के आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते है।
- टीकमगढ जिले की 1 हजार 294 आंगनवाडी केन्द्रों पर 18 से 28 जून तक 10 दिवसीय वजन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 0–6 वर्ष तक के बच्चों के वजन के आधार पर पोषण स्तर पर चिन्हांकन किया जाएगा।
- अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा संचालित शासकीय ज्ञानोदय विद्यालय मोरोद, इन्दौर में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विद्यालय में रिक्त सीटों पर कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं तथा कक्षा 11वीं में प्रवेश दिया जायेगा। आवेदन करने की अंतिम तिथि 21 जून है।

....